NSS Regular Activities 2017

Govt. College Arki

1. Membership drive - June & July
2. Orientation of NSS Volunteers and formation of Student Executive Body on 22 July, 2017.
3. Extension and upgradation of College Park and playground done by NSS hiring JCB for two days.
4. One day camp and beautification of college park and campus on 26 July, 2017. Planted 30 sapling of Anar, Amla, Jamun and Bhera.
5. Observed **Plantation Week**w.e.f. 05-08-2017 to 11-08-2017. 200 plants of Jamun, Bhera, Anar, Juniprus and Bottlebrush planted in and around college campus alongwith Iron tree guards.
6. Celebrated **Independence Day on 15 August, 2017**. Organised cultural programme.Plantation done by Principle and NSS Volunteers on this day.
7. Participated in Afforestation Campaign launched by H.P. State Legal Services Authority and Forest Department, Arki. Plantation done in Arkion 26thAugust, 2017.
8. One day camp on 30thAugust, 2017.Uprooting of lantana and Congress grass in college campus.
9. Oath on cleanliness to all college students on 1stSeptember, 2017. **Swachhta Hi Sewa Campaign** launched with the involvement of college teachers and students.
10. Celebrated **NSS Day on 24thSeptember, 2017** i.e. Sunday. Cleanliness drive in Civil Hospital Arki. Fruits and juice distributed among patients. Tips regarding washing hands given to patients.
11. 2 Boys volunteers Harish Thakur and Vinay Kumar of 5thSemester participated in National Integration Camp held at Govt. College, Seema w.e.f. 6-12 October, 2017.

NSS Regular Activities 2017

Govt. College Arki

12. Observed **Birth Anniversary of SardarVallabhbhai Patel** on 31st October, 2017. Pledge of National Unity was administered to NSS volunteers.

13. Observed **"National Constitution Day"** on 26thNovember, 2017. Preamble to the constitution was read and lecture on ideals, objective, fundamental rights and duties was delivered to the students.

14. Observed **"World Aids Day"** on 1stDecember, 2017 in collaboration with Red Ribbon Club. Documentary on AIDS awareness of 45 minutes was shown to the college students in smart class room. Written Quiz Competition was organized on AIDS Awareness and 11 prizes were given to winners.

15. Save Bird, Environment Campaign, Gautam Prasad - The Guinness Book Record holder interacted with NSS volunteers on 6thDecember, 2017.

16. Organised Blood Donation Camp on 20th December, 2017 in college campus.

17. OrganisedSeven Days Annual Camp w.e.f. 23rdDecember to 29th December, 2017 at adopted village Pokhtu.

18. Three volunteers participated in one day workshop on AIDS Awareness at Govt. Hospital Solan on 19th January, 2018.

19. Organized Educational Tour of NSS Volunteers to JalianwalaBagh and Wagah Border to inculcate spirit of Nationalism in February 2018.

Principal
Govt. Degree College
Arki, Distt. Solan-H.P.

N.S.S. कार्यकारिणी का गठन

दिनांक 22-07-2017

Dr. Sunil Chauhan जी की अध्यक्षता में राजकीय महाविद्यालय अर्की में **N.S.S.** की कार्यकारिणी का गठन किया गया । जिसमें सर्वसहमति से छात्र अध्यक्ष 5th सेमेस्टर हरिश ठाकुर एवं छात्रा अध्यक्ष 5th सेमेस्टर चारू ठाकुर चुने गऐ । यह सभा महाविद्यालय की सभागार में आयोजित की गई । जिसमें स्वंयसेवियों को **N.S.S.** के उद्देश्य व महत्व तथा कार्य के बारे में जानकारी दी गई ।

पांचवे सेमेस्टर से प्रियंका शर्मा व हेमन्त को, तृतीय सेमेस्टर से दीपिका व पवन को नेतृत्व दिया गया। इसके अलावा निशा व कविता शर्मा को कार्यालय सचिव और उद्वित चौहान को प्रैस सचिव व विकम को **Tools incharge** बनाया गया । इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा नेतृत्व पुरस्कार प्राप्त करने के लिए स्वंयसेवियों को बधाई दी गई और और निर्णय लिया गया की 05.8.2017 से लेकर 11.8.2017 तक राजकीय महाविद्यालय अर्की में वृक्षारोपण सप्ताह मनाया जाएगा । अंत मे सभी को **Refreshment** भी दी गई ।

अर्की कॉलेज में एकदिवसीय शिविर का आयोजन

दिनाँक 26-07-2017

राजकीय महाविद्यालय अर्की में **N.S.S.** के स्वयंसेवीयो द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । इस एक दिवसीय शिविर में **N.S.S.** प्रभारी डॉ. सुनील चौहान जी ने सभी स्वयंसेवीयों को कॉलेज के पार्क में सफाई करने के लिए प्रेरित किया । इस शिविर में लगभग 70 स्वयंसेवीयों ने भाग लिया । इसमें छात्र अध्यक्ष द्वारा स्वयंसेवियों के दो समुह बनाए गए । जिसमें एक समूह छात्रा अध्यक्ष चारू ठाकुर ने बनाया । जिसमें 30 छात्र – छात्राएं शामिल हुए और पार्क में सफाई की गई और क्यारियों को बनाया गया और वहां पर रखें मिट्टी के ढेर को भी हटाया गया । दूसरा समूह हरीश ठाकुर ने बनाया जिसमें 40 छात्र – छात्राएं शामिल हुए और उन्होनें कॉलेज में **Arts Block** के पिछे वृक्षारोपण के तहत पौधे लगाए । जैसे अनार, आवलॉ, जामुन, भेड़ा, चड़ीनु, के 30 पौधे रोपे गए और फिर उन सभी 70 स्वयंसेवियों को **Refreshment** दी गई । यह एक दिवसीय शिविर सुबह 11:30 बजे से 2:00 बजे तक चला।

पौधारोपण

अर्की कॉलेज में एक दिवसीय शिविर

राजकीय महाविद्यालय अर्की में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. सुनील चौहान की अध्यक्षता में पौधारोपण किया गया । यह पौधारोपण कॉलेज के पार्क में पौधारोपण किया गया । इसमें 8 स्वंयसेवक सेवियो ने भाग लिया । स्वंयसेवियों ने शरू के पौधे लगाये । इसके बाद सभी स्वयंसेवियो को **Refreshment** भी दी गई । यह शिविर 2:30 बजे समाप्त हो गया

वृक्षारोपण सप्ताह

5 अगस्त से 11 अगस्त 2017

अर्की महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन

राजकीय महाविद्यालय अर्की की **N.S.S.** ईकाई द्वारा "वृक्ष लगाओ विश्व बचाओ' अभियान के तहत वृक्षारोपण सप्ताह मनाया गया जिसमें महाविद्यालय के स्वंयसेवियों ने छात्र अध्यक्ष हरिश ठाकुर और छात्रा अध्यक्ष चारू ठाकुर के नेतृत्व में बढ़ चढ़ कर भाग लिया । इस दौरान महाविद्यालय परिसर के भीतर व बाहर जामुन, भेड़ा, अनार, आंवला, जुनीवरस और बोटलब्रस के 200 पौधे रोपे गए । उनकी सुरक्षा के लिए **Tree Guard** भी लगाए । इसके साथ –साथ महाविद्यालय के परिसर से लेंटाना और कांग्रेसी घास को भी उखाड़ा गया तथा पहले से लगाए गए पौधो को भी सुरक्षित व रख – रखाव किया गया । इसके साथ–साथ कॉलेज पार्क और कॉलेज परिसर को भी संवारा गया। इस वृक्षारोपण के द्वारा **N.S.S.** ईकाई ने गांव के लोगों को यह संदेश भी देना चाहते है कि वे भी वर्षा ऋतु के दौरान गांव में मिलकर वृक्षारोपण करें तभी हम पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभा सकते है । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीलम कौशिक ने पौधारोपण किया। इसमें लगभग 200 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया ।

Celebration of Independence Day

15th August 2017

दिनांक 15–08–2017 को राजकीय महाविद्यालय अर्की में 15 अगस्त मनाया गया और सभी N.S.S. के स्वयंसेवियो ने इसमें भाग लिया और प्रधानाचार्य महोदय ने भी इसमें भाग लिया और बाद में N.S.S. स्वयंसंवियो ने पौधारोपण किया और महाविद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने बौटल ब्रश का पौधा लगाकर स्वयंसेवियों को अपना पूर्ण सहयोग दिया । सभी स्वयंसेवियो को Refershment भी दी गई । यह एक दिवसीय शिविर सुबह 11:00 बजे से 2:00 बजे तक चला । इसमें 50 बच्चों ने भाग लिया ।

Afforestation Campaign

*26 अगस्त 2017 को H.P. State Legal Services Authority तथा **Forest Department Arki** द्वारा आयोजित वृक्षारोपण अभियान में **N.S.S.** के 30 छात्र-छात्राओं ने अर्की के समीप वन में पौधारोपण किया। जिसमें चडीनु, अनार, जामुन के 30 पौधो रोपे गए और **N.S.S.** के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने भी छात्र -छात्राओं के साथ भाग लिया।*



अर्की महाविद्यालय

में एकदिवसीय शिविर का आयोजन

दिनांक 30-8-2017 को राजकीय महाविद्यालय अर्की में **N.S.S.** के स्वंयसेवियों द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय शिविर में **N.S.S.** प्रभारी डॉ. सुनील चौहान जी ने सभी स्वयंसेवियो का मार्ग दर्शन किया। उसके बाद दो टीमें बनाई गई। जिसमें चारू ठाकुर की टीम ने केन्टीन के सामने क्यारी को साफ किया तथा उसमें उगी झाड़ियो और घास को साफ किया।

दूसरी टीम ने पार्क में सफाई की तथा सभी स्वयंसेवीयों ने मिलकर पार्क के किनारे कंटीली झाड़ियो को काटा। यह शिविर 11:00 से 2:00 बजे तक चला। अतः मे सभी स्वयंसेवियो को **Refreshment** दी गई। इसमें 40 बच्चों ने भाग लिया।

स्वच्छता शपथ

1st September 2017

" स्वच्छ कैम्पस स्मार्ट कैम्पस "

विद्यार्थियों ने की कॉलेज में सफाई

राजकीय महाविद्यालय अर्की मे डॉ. नीलम कौशिक की अध्यक्षता में सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनील चौहान ने N.S.S. के तहत स्वच्छ कैम्पस स्मार्ट कैम्पस के तहत शिक्षक गैर – शिक्षक वर्ग व तमाम छात्र वर्ग को स्वच्छता शपथ दिलवाई । विद्यार्थी वर्ग ने संकल्प लिया कि वे महात्मां गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए हर सप्ताह दो घण्टे का श्रमदान देंगे व अपने घर, गांव, गल्ली, मुहल्ले व अपने कार्यस्थल से इसकी भुरूआत करेंगे । शपथ ग्रहण उपरान्त तमाम शिक्षक, गैर शिक्षक व छात्रों ने कला, वाणिज्य व विज्ञान विभाग के साथ – साथ सम्पूर्ण महाविद्यालय प्रांगण में गर्मजोशी के साथ सफाई अभियान छेड़ा । छात्रो को तीन समूह में बाटां गया । समूह–1 द्वारा कला विभाग के सामने व पीछे प्रोफेसर डॉ. सरिता शारदा की टीम व कला विभाग के छात्रो ने जिन्दादिली के साथ सफाई की । समूह –2 द्वारा प्रोफेसर डॉ. दिलीप शर्मा की टीम व वाणिज्य विभाग के छात्रो ने प्रसाशनिक भवन के चारो और सफाई का बीड़ा उठाया व समूह–3 मे प्रोफेसर डॉ. निर्मल कमल की टीम और विज्ञान विभाग के छात्रो ने विज्ञान विभाग के समुख परिसर की साफ –सफाई को अंजाम दिया ।

इसके पश्चात **"ऐलोविरा इको क्लब'** के सौजन्य से समस्त महाविद्यालय परिसर की साज– सजा हेतु छोटी–छोटी क्यारियों का निर्माण कर उनमें फूल –पौधे रोपे । महाविद्यालय परिसर की सुंदरता को बढ़ाने व हरा –भरा बनाने के लिए औषधीय पौधे भी लगायें गए । लगातार 3–4 घण्टे का श्रमदान महाविद्यालय छात्रों द्वारा दिया गया । इस अवसर पर स्थानीय महाविद्यालय प्राचार्या ने संकल्प लिया की वे महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए हर सप्ताह दो घण्टे का श्रमदान देंगे व अपने घर, गांव, गली, मुहल्ले व अपने कार्यस्थल से इसकी शुरूआत करेंगे ।

Celebration of N.S.S. Day
24 September 2017
राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार के युवा सेवाएं एवं खेल मन्त्रालय द्वारा संचालित एक बहुत ही महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है। जिसका उद्देश्य सामुदायिक कार्यो के माध्यम से छात्रो के व्यक्तित्व का निर्माण करना है । इस योजना का आरम्भ 24 सितम्बर 1969 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के सपनों को साकार करने के लिए हुआ । राष्ट्रीय सेवा योजना अर्की कॉलेज इकाई द्वारा रविवार को स्थापना दिवस मनाया गया । इस अवसर पर N.S.S. इकाई ने नागरिक हस्पताल अर्की में मरीजों को फल व जूस बाटंकर समाज के प्रति सवेंदनशीलता का परिचय दिया और मरीजों को सही ढंग से हाथ धोने से बिमारियों से बचने के प्रति जागरूक किया। इस स्थापना दिवस पर विद्यार्थियो ने संकल्प लिया कि वे 2 अक्तुबर को महात्मा गाँधी के जन्मदिन के अवसर पर अपने गांव में लोगो को घर-घर जाकर स्वस्छता के प्रति जागरूक करेंगे। इस अवसर पर नागरिक हस्पताल अर्की के डॉक्टर व नर्से भी उपस्थित रहीं । छुट्टी का दिन होने के बावजूद भी स्वंयसेवियो ने पूरे जोश के साथ स्थापना दिवस को सफल बनाने में अपना योगदान दिया । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीलम कौशिक ने N.S.S. स्वंयसेवियों को समाज के प्रति संवेदनशीलता दिखाने के लिए बधाई दी। इस स्थापना दिवस में चारू, हरिश ठाकुर, निशा शर्मा, रश्मीता, कविता, ज्योती, कविता शर्मा, हेमलता, चेतना, हिमानी, प्रियंका, कंचन, स्मृति, उद्वित, नवीन, पवन, ओमप्रकाश, मनोज, विनय, विजय, ललीता, सौरभ ने भाग लिया ।

NATIONAL INTEGRATION CAMP

6 & 12 OCTOBER, 2017

राजकीय महाविद्यालय अर्की की N.S.S. ईकाई के दो स्वंयसेवी छठे समेस्टर के हरिश ठाकुर तथा विनय ने राष्ट्रीय एकता शिविर में राजकीय महाविद्यालय सीमा में 6 - 12 अक्तुबर 2017 तक भाग लिया तथा अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया । वहां उन्होंने बहुत सी बाते सिखी व आकर अपने महाविद्यालय के N.S.S. के स्वंयसेवियों को भी जानकारी दी ।

Birth Anniversary

of Sardar Vallabhbhai Patel

31-10-2017

राजकीय महाविद्यालय अर्की की N.S.S. ईकाई द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई । जिसमें राजकीय महाविद्यालय अर्की की प्रधानाचार्य डॉ. नीलम कौशिक की अध्यक्षता में सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनील चौहान ने N.S.S. के स्वयंसेवियों को बधाई दी तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन के बारे में बताया तथा कहा की उनके आदर्श जीवन से हमें भी सीखना चाहिए और अपने जीवन को आर्दश बनाना चाहिए । इस में सभी स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ भी ली । इसमें 40 छात्र -छात्राओं ने भाग लिया ।

OBSERVANCE OF NATIONAL CONSTITUTION DAY

26 NOVEMBER 2017

राष्ट्रीय संविधान दिवस

राजकीय महाविद्यालय अर्की की N.S.S. ईकाई द्वारा कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया । इस अवसर पर N.S.S. प्रभारी डॉ. सुनील चौहान ने छात्र - छात्राओं को संविधान के आदर्शों और उद्देश्यों के बारे में अवगत करवाया ।

प्रत्येक वर्ष 26 नवम्बर पूरे देश में संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है । संविधान ही देश का सर्वोच्च कानून है। जिसके द्वारा देश के शासन का संचालन किया जाता है । इस अवसर पर छात्र –छात्राओं को मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी दी गई । महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नीलम कौशिक ने छात्र - छात्राओं को संविधान के प्रति निश्ष्ठावान रहने व मौलिक कर्तव्यों की पालना करने के लिए प्रेरित किया । इस कार्यक्रम में 50 छात्र –छात्राओं ने भाग लिया ।

WORLD AIDS DAY

विश्व एड्स दिवस

1st DECEMBER 2017

*राजकीय महाविद्यालय अर्की की N.S.S. ईकाई व रेड रिबन कल्ब (Red Ribbon club) के संयुक्त तत्वाधान में **'विश्व एड्स दिवस'** का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। इस आयोजन के दौरान कॉलेज के छात्र – छात्राओं को **HIV** व **AIDS** पर एक डाक्यूमैंटरी के माध्यम से जानकारी दी गई तथा इस बीमारी से बचने के उपायों के बारे में बताया गया। N.S.S. व रेड रिबन क्लब के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने छात्र – छात्राओं से आहवान किया कि वे हिमाचल को एड्स मुक्त रखने में सहयोग दें। इस अवसर पर महाविद्यालय के 102 छात्र –छात्राओं के साथ डॉ. दीपक शर्मा, व देवेन शर्मा ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। छात्र – छात्राओं के लिए एड्स जागरूकता समबन्धी एक लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें बी. एस. सी. छठे समेस्टर की योगिशा ने पहला, हिमानी, गितिका गर्ग, रोशन लाल, दिपिका व डिंपल शर्मा ने दूसरा तथा कविता , भावना, व हेमन्त कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन सभी को महाविद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के 102 छात्र – छात्राओं ने भाग लिया।*

Save BIRD ENVIRONMENT

अर्की महाविद्यालय में गौतम प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न पक्षियों को आवाज सुना कर किया लोटपोट

राजकीय महाविद्यालय अर्की के सभाकार में गिनीज बुक आफॅ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल गौतम प्रसाद सबकोश जिन्हें बर्ड मैन आफॅ नेपाल से भी जाना जाता है ने महाविद्यालय के छात्र – छात्राओं को विभिन्न पक्षियो की आवाज सुनाकर लोटपोट कर दिया। गौतम प्रसाद सबकोश 251 पक्षियों की आवाज सुनाने में माहिर है । वे दुबई, मलेशिया और सिंगापुर में भी अपनी काबलियत का प्रदर्शन कर चुके है । वे अपने इस अभियान में पक्षी बचाओं पर्यावरण बचाओ का संदेश भी छात्र – छात्राओं को प्रदान करते है। महाविद्यालय में इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना व इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में किया गया । इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीलम कौशिक सहित सभी स्टाफ सदस्य व 300 के लगभग छात्र – छात्राओं ने भाग लिया ।

अर्की महाविद्यालय

में रक्तदान शिविर का आयोजन

20 दिसम्बर, 2017

राजकीय महाविद्यालय अर्की की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 20 दिसम्बर को महाविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें कॉलेज की प्रार्चाया डॉ. नीलम कौशिक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की । N.S.S महाविद्यालय अर्की के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील चौहान जी ने मुख्यअतिथि व सभी मैहमानो का स्वागत किया । डॉ. नीलम कौशिक ने इस रक्तदान शिविर को आयोजित करने के लिए N.S.S. ईकाई की प्रंशसा की और कहा कि रक्तदान एक अनमोल तोहफा है । दीन दयाल उपाध्याय हस्पताल शिमला के बल्ड बैंक की मुखिया डॉ. गंगा और उनकी टीम की अगुवाई मे इस रक्तदान शिविर का संचालन किया गया । डॉ. गंगा ने बताया की रक्त की आवश्यकता कब कहां व किसे पड़ जाए कोई नही जानता इसलिए अधिक से अधिक स्वैच्छिक रक्तदान ही समाज की सूरक्षा है । रक्त का कोई विकल्प नही है । रक्त के भण्डार की आपूर्ति के लिए लगातार रक्तदान करना आवश्यक है । इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रो विशेषकर छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया । इस शिविर में महाविद्यालय के 36 छात्र – छात्राओं व अध्यापकों ने रक्तदान किया । N.S.S. ईकाई की छात्र अध्यक्षा चारू ठाकुर के नेतृत्व में महाविद्यालय के 50 स्वयंसेवियों ने इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में अपना महत्तवपूर्ण योगदान दिया ।

Donate BLOOD
And Save Lives



SEVEN DAYS CAMP

23rd TO 29th December 2017

Adopted village Pokhtu

अर्की महाविद्यालय

की N.S.S. ईकाई का 7 दिवसीय शिविर का शुभारम्भ

दिनॉक 23–12–2017 को राजकीय महाविद्यालय अर्की मे राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय आवासीय शिविर का शुभ आरंम्भ हुआ । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीलम कौशिक ने शिरकत की तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर ग्राम पंचायत बातल के प्रधान श्री रत्नलाल शर्मा व सदस्य ग्राम पंचायत श्री कृष्णचन्द के अलावा समस्त प्राध्यापक वर्ग व गैर शिक्षक वर्ग भी इस अवसर पर उपस्थित थे । राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों व N.S.S. स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास के बारे में बताने के अलावा महाविद्यालय N.S.S. स्वयंसेवियों की वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी भी दी । कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी दी की इस सात दिवसीय शिविर में 50 N.S.S. स्वयंसेवी भाग ले रहे है । इस शिविर में सामुदायिक कार्यो के लिए पोखुटू गाँव को गोद लिया गया है । इस शिविर में स्वयंसेवी पोखुटू ग्राम – वासियो को स्वच्छता, जल सरंक्षण, राजनीतिक जागरूकता, व पर्यावरण जैसे विषयो के प्रति जागरूक करने का प्रयास करेंगे । इस मौके पर N.S.S. स्वयंसेवियों ने सरस्वती वन्दना, देश भक्ति गीत पर समूहगान भी प्रस्तूत किए । अन्त में कार्यक्रम की मुख्य – अतिथि महोदया डॉ. नीलम कौशिक ने N.S.S.स्वयंसेवियों को अनुशासन में रह कर इस विशेष शिविर को सफल बनाने के लिए आहवान किया ।

सात दिवसीय आवासीय शिविर

की बौद्धिक कार्यो की रिपोर्ट

23.12.2017 से 29.12.2017

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवियों द्वारा दो तरह के कार्य किए गए श्रमदान और बौद्धिक कार्य। इस कैंप के दौरान स्वयंसेवियों की चार टीमें बनाई गई। जिन्होंने गांव में जाकर विभिन्न विषयों पर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। पहली टीम 4th Semester की छात्रा तनूजा के नेतृत्व में थी। जिसमें 11 स्वयसेवियों ने पोखटू गाँव में "**राजनीतिक जागरूकता**" के विषय पर लोगों के विचार जाने और अपने सुझाव दिए। दूसरी टीम 6th Semester की छात्रा किरन के नेतृत्व में थी। जिसमें 11 स्वयंसेवियों ने बातल गांव में जाकर "**जल सरक्षण**" के विषय पर लोगों के विचार जाने और उन्हें इस विषय पर जागरूक किया। तीसरी टीम ने 6th Semester की छात्रा कविता के नेतृत्व में थी। जिसमें 11 स्वयंसेवियों ने बातल गांव के लोगों के बीच जाकर "**पर्यावरण**" के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया। चौथी Team 6th Semester की छात्रा प्रियंका शर्मा के नेतृत्व में थी। जिसमें 11 स्वयसेवियों ने पोखटू गांव में जाकर "**स्वच्छता**" के विषय पर लोगों से जानकारी ली और उन्हें अपने सुझाव दिए। लोगों के बीच जाकर हमें बहुत ही अच्छा लगा तथा लोगों ने भी बहुत ही अच्छा Response दिया। इन चार विषय पर किए गए Survey को Project के रूप एन.एस.एस के कार्यक्रम अधिकारी के पास जमा करवाया गया और बेहतर Project वाली टीम को पुरस्कृत किया गया।

Miss Nisha Sharma
Office Secretary

Principal
Govt. Degree College
Arki, Distt. Solan-H.P.

सात दिवसीय आवासीय शिविर की सम्पूर्ण रिपोर्ट

23.12.2017 से 29.12.2017

राजकीय महाविद्यालय अर्की की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई का सात दिवसीय आवासीय शिविर 23.12.2017 को शुरू हुआ जिसका शुभारंभ महाविद्यायलय की प्राचार्य डॉ. नीलम कौशिक जी ने किया। इस शिविर में 50 स्वयं सेवियों ने भाग लिया जिसमें 31 लड़किया तथा 19 लड़के थे। इस शिविर का Theme था **"स्वच्छ कैंपस स्मार्ट कैंपस"** इस कैंप के दौरान हमने दो तरह के कार्य किए, एक था श्रमदान और दूसरा बौद्धिक कार्य। महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ और स्मार्ट बनाने के लिए इन सात दिनों में बेहतरीन कार्य किए गए। जिसमें सबसे प्रमुख था महाविद्यालय के पार्क को सुसज्जित करना जिसमें हमने फेंके हुए मिट्टी के 10 ट्रक बिछाए। पार्क में लगाए गए पेड़ पौधों के तोलिए बनाए गए तथा क्यारियां बनाकर और चूना लगाकर पार्क का सौंदर्यकरण किया गया। इसके साथ–कॉलेज की केन्टीन के बाहर बहुत सुंदर क्यारी बनाई गई। आर्टस ब्लॉक के बाहर लगे पेड़ पौधों की खुदाई करके क्यारियों का निर्माण किया गया। सांईस ब्लॉक के पीछे पड़ी गंदगी को हटाने का कार्य तो बहुत ही कठिन था। वहाँ पर भी झाडियाँ काटकर वहाँ की सफाई की गई। इस कैंप के दौरान हमें लोक निर्माण विभाग अर्की का भी पूर्ण सहयोग मिला जिनके सहयोग से महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर सीमेंट और ईंटों से पक्की क्यारी बनाई गई। इसके साथ–2 महाविद्यालय के गेट के साथ ट्रीगार्ड के साथ लगे पौधों का भी बेहतर ढंग से रख रखाव किया गया। 27 दिसम्बर को हमने गोद लिए पोखटू गाँव में सामुदायिक भवन के बाहर गाँव के लोगों द्वारा लगाए गए पौधों को 15 ट्रीगार्ड लगाकर सुरक्षित किया और 30 पौधो के तोलिमें बनाए। उसी दिन पोखटू गाँव में लोगों को पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति सचेत करने के लिए एक रैली का आयोजन भी किया गया। 28 दिसम्बर को ग्राम पंचायत बातल के पंचायत भवन के आस पास कनटीली झाड़ियों को काटा गया। जिसमें हमें ग्राम पंचायत प्रधान का पूर्ण सहयोग मिला। इस शिविर के दौरान हमारी दिनचर्या सुबह 6 बजे भुरू होती थी। और स्वयंसेवी 7 बजे से 8 बजे तक प्रभात फेरी निकालते थे तथा प्रार्थना होती थी और स्वयंसेवियों द्वारा व्यायाम और



योग भी किया गया। 8 से 9 बजे तक ब्रेकफास्ट का समय होता था और 9 बजे से 12:30 बजे तक हर रोज स्वयंसेवी महाविद्यालय और पोखटू गाँव में श्रम दान करते थे। 12:30 से 1 बजे तक हमारा Personal time होता था। और 1 से 2 बजे तक हमारा लंच टाईम होता था। फिर 2 से 2:30 बजे तक पर्सनल टाईम होता था। 2:30 बजे से शाम 4 बजे तक हमारे शैक्षशिक सत्र होते थे। जिसमें दीक्षा ठाकुर, रचना शर्मा, और मुकेश शर्मा जो पूर्व में इस महाविद्यालय के एन. एस.एस. इकाई के ग्रुप लीडर रहे है, उन्होंने Resource Person के रूप में शिरकत की और हमें पुराने स्वयंसेवियों से भी बहुत कुछ सिखने को मिला। 4 से 4:15 तक चाय का समय तथा 6 बजे सांस्कृतिक संध्या होती थी। जिसमें सभी मिलकर सभागार में आरती करते थे। 6:30 से 7:30 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम करते थे। 7:30 से 8:30 डीनर का समय होता था उसके बाद हम अपनी डेली डायरी में अपनी दिनभर की गतिविधियां लिखते थे। 10 बजे हम सो जाते थे। इस तरह इन सात दिनों में हमने इस समय सारणी की अनुपालना करते हुए तथा अनुशासन में रहकर अपना कार्य किया। 29.12.2017 को राजकीय महाविद्यालय अर्की की एन.एस.एस. इकाई का सात दिवसीय आवासीय शिविर का समाप्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत बातल के प्रधान श्री रत्न लाल शर्मा ने शिरकत की तथा श्री खुव चंद शर्मा, श्री कृष्ण चंद, श्रीमति पदमावती व बातल व पोखटू गाँव के बहुत सारे लोग भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि रत्न लाल शर्मा ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं से नशे से दूर रहने का आवाहन किया। इस अवसर पर स्वयंसेवियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। स्नेह और तनूजा ने कविताओं से सभी मेहमानों व स्वयसेवियों को तालिया बजाने के लिए विवश कर दिया। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और गैर शिक्षक वर्ग भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस शिविर में भाग लेने वाले 50 स्वयंसेवियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्य अतिथि द्वारा गोल्ड मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

Charu Thakur
Group Leader

Principal
Govt. Degree College
Arki, Distt. Solan-H.P.

NSS Regular & Special Camp Activities 2017-18

Observance of Plantation Week

5th August - 11th August 2017

दैनिक सवेरा टाइम्स | शिमला, रविवार, 3 सितम्बर

न्यूज गैलरी

स्वच्छ कैम्पस स्मार्ट कैम्पस के तहत विद्यार्थियों ने की कालेज में सफाई

स्वच्छ कैम्पस स्मार्ट कैम्पस के तहत कालेज मे सफाई करते बच्चे।

अर्की (शहनाज) : राजकीय महाविद्यालय अर्की जिला सोलन में प्राचार्या डा. नीलम कौशिक की अध्यक्षता में सहायक प्रोफेसर डा. सुनील चौहान ने एन.एस.एस. के तहत स्वच्छ कैम्पस स्मार्ट कैम्पस के तहत शिक्षक, गैर-शिक्षक व तमाम छात्र वर्ग को स्वच्छता की शपथ दिलवाई। विद्यार्थी वर्ग ने संकल्प लिया कि वे हर सप्ताह दो घंटे का श्रमदान देंगे व अपने घर, गली-मुहल्ले व अपने कार्यस्थल से इसकी शुरूआत करेंगे। उपरान्त तमाम शिक्षक, गैर-शिक्षक व छात्रों ने कक्षा, विभाग के साथ-साथ सम्पूर्ण महाविद्यालय प्रांगण में सफाई अभियान छेड़ा। छात्रों के तीन समूह में कला विभाग के सामने व पीछे प्रोफेसर डा. विभाग के छात्रों ने सफाई की, समूह टीम व वाणिज्य विभाग के छात्रों का बीड़ा उठाया व समूह विज्ञान विभाग के छात्रों को अंजाम दिया महाविद्यालय पौधे

अर्की कॉलेज में विद्यार्थियों ने की सफाई

अर्की (सोलन)। अर्की कॉलेज में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्राचार्या डॉ. नीलम कौशिक की अध्यक्षता में सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनील चौहान ने स्वच्छ कैंपस स्मार्ट कैंपस के तहत शिक्षक गैर-शिक्षक वर्ग और अन्य विद्यार्थियों को स्वच्छता शपथ दिलवाई। विद्यार्थी वर्ग ने संकल्प लिया कि वह महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए हर सप्ताह दो घंटे का श्रमदान देंगे। अपने घर, गांव, गली, मुहल्ले सहित अपने कार्य स्थल से इसकी शुरुआत करेंगे। इस दौरान विद्यार्थियों से पौधे लगाने के उनके संरक्षण का आ गया। उन्होंने हरियाली हो होगा।

पंजाब केसरी

शनिवार SATURDAY 2 सितम्बर 2017

अर्की कालेज में ली स्वच्छता की शपथ

अर्की : अर्की कालेज

अर्की, 1 सि

"Swachhta Hi Sewa Campaign 1st Sept. 2017"

अमर उजाला चंडीगढ़ रविवार, 3 सितंबर 2017

अर्की कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी और शिक्षक।

चंडीगढ़, 25 सितंबर 2017 दैनिक जागरण

मरीजों को दी स्वच्छता की जानकारी

अर्की में एनएनएस दिवस कार्यक्रम में मौजूद सदस्य व स्वयंसेवक ● जागरण

संवाद सूत्र, अर्की : महाविद्यालय अर्की के स्वयंसेवियों ने एनएसएस दिवस मनाया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अर्की अस्पताल में मरीजों को सही ढंग से हाथ धोने के लाभ बताए गए। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि दो अक्टूबर को महात्मा गांधी के जन्मदिन पर अपने-अपने गांव के लोगों को घर-घर जाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनील चौहान ने बताया कि स्वयंसेवियों ने पूरे जोश के साथ स्थापना दिवस को सफल बनने में अपना योगदान दिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नीलम कौशिक एनएसएस स्वयंसेवियों को समाज के प्रति संवेदनशीलता दिखाने के प्रति प्रेरित किया। इस मौके पर चारु ठाकुर, निशा, रश्मिता, कविता, ज्योति, हेमलता, चेतना, हिमानी, प्रियंका, कंचन, स्मृति, हरीश, नवीन, पवन, ओमप्रकाश व विनय ने भाग लिया।

स्वयंसेवियों ने निकाली जागरूकता रैली

सोलन : सीनियर सेकंडरी स्कूल गौड़ा में एनएसएस स्थापना दिवस मनाया गया। इसमें छात्रों को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि हाथ कैसे साफ रखें क्योंकि हाथ हमारे स्वास्थ्य निर्माण में विशेष महत्व रखते हैं। इस दौरान एनएसएस यूनिट द्वारा रैली भी निकाली गई और व्यक्तिगत स्वच्छता, हाथ सफाई विषय पर निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही स्वच्छता एक संकल्प विषय से संबंधित गतिविधियों को भी चलाया गया। 15 से 24 सितंबर तक छात्रों ने सार्वजनिक स्थानों की सफाई की। स्कूल कैंपस को साफ किया गया। स्कूल प्रिंसिपल विपेंद्र कात्ता ने कहा कि स्वच्छता को संकल्प बनाया जाना चाहिए। एनएसएस प्रभारी डॉ. रामगोपाल शर्मा ने कहा कि अब तक 40 गतिविधियों को स्वच्छ अभियान के तहत कर चुके हैं।

सोमवार MONDAY 25 सितम्बर 2017

एस. दिवस पर रोगियों को बांटे फल

Celebration

of NSS Day on 24th Sept. 2017 at Civil Hospital Arki



हिमाचल द

शिमला, मंगल

डिग्री कॉलेज अर्की ने मनाया एनएसएस दिवस

हिमाचल दस्तक। अर्की

राजकीय महाविद्यालय अर्की में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने एनएसएस दिवस मनाया। इसमें विद्यालय से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रांगण में स्वयंसेवियों के द्वारा एनएसएस गान से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दिवस के उपलक्ष्य पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सही ढंग से हाथ धोने के लाभ पर अर्की अस्पताल के मरीजों को जागरूक किया गया। इस दौरान मरीजों को सफाई का महत्व बताया गया और इन्हें अपने आस पास के वातावरण को साफ सुथरा रखने की अपील भी की गई। बताया गया कि अगर हमारे आस पास का वातावरण साफ होगा तो हम बीमारियों से भी बच सकते हैं। इस दौरान फल और जूस बांट कर समाज के प्रति संवेदनशीलता का परिचय भी दिया गया। स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि 2 अक्तूबर को महात्मा गांधी के जन्मदिन पर अपने-अपने गांव के लोगों को घर-घर जाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि स्वयंसेवियों ने पूरे जोश के साथ स्थापना दिवस को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नीलम कौशिक ने एनएसएस स्वयंसेवियों को समाज के प्रति संवेदनशीलता दिखाने के प्रति प्रेरित किया।

◆ छात्रों को बताए गए हाथ धोने के लाभ

दिव्य हिमाचल

शिमला, मंगलवार 28 नवंबर, 2017

एक नजर

अर्की कालेज में मनाया संविधान दिवस

र्की– राजकीय महाविद्यालय अर्की में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा. नील चौहान ने छात्रों को संविधान के आदर्शों व उद्देश्यों की जानकारी । उन्होंने कहा कि 26 नवंबर का दिन देश में संविधान दिवस के रूप बनाया जाता है। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. नीलम कौशिक ने त्रों से मौलिक कर्त्तव्यों का पालन करने का आह्वान किया ।

Celebration

of

National Constitution Day

on

26th November 2017





Celebration of World Aids Day on 1st December 2017

Save Bird Save Environment Campaign on 6th December 2017

आपका फैसला

गौतम प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न पक्षियों की आवाज सुना किया लोटपोट

आपका फैसला प्रतिनिधि

अर्की।
राजकीय महाविद्यालय अर्की के सभागार में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल गौत्तम परसाद सबकोश जिन्हें बर्डमैन ऑफ नेपाल से भी जाना जाता है ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को विभिन्न पक्षियों की आवाज सुनक
लोटपोट कर दिया। गौत्तम
सबकोश 251 पक्षियों
सुनाने में मा

दुबई,मलेशिया और सिंगापुर में भी अपनी काबलियत का प्रदर्शन कर चुके है। वे अपने इस अभियान में पक्षी बचाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश भी छात्र छात्राओं को प्रदान करते है। महाविद्यालय में इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना व

गौतम प्रसाद ने कई पक्षियों की आवाज निकालकर किया लोटपोट

अर्की, 6 दिसंबर (शहनाज) : राजकीय महाविद्यालय अर्की के सभागार में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल गौतम प्रसाद सबकोश जिन्हें बर्डमैन ऑफ नेपाल से भी जाना जाता है, ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को विभिन पक्षियों
आवाज

अपने इस हुनर का प्रदर्शन कर चु
है। वे अपने इस अभियान में
बचाओ पर्यावरण बचाओ
भी छात्र छात्राओं को
महाविद्यालय
आयो

BLOOD DONATION CAMP on 20th December 2017

अर्की कालेज में विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

अर्की, 20 दिसम्बर (सुरेन्द्र): अर्की कालेज में बुधवार को एन.एस.एस. द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एन.एस.एस. प्रभारी डा. प्रो. सुनील चौहान ने बताया कि इसमें [illegible] कार्य डा. नीलम [illegible] ने बतौर [illegible] भाग [illegible] कहा [illegible] में आई टीम ने रक्त एकत्रित किया। डा. गंगा ने कहा कि रक्त की आवश्यकता कब, कहां व किसे पड़ जाए, यह कोई नहीं जानता, इसलिए अधिक से अधिक रक्तदान ही समाज की सुरक्षा है। शिविर में 36 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में छात्रों व अध्यापकों ने रक्तदान किया।

दिव्य हिमाचल | II

divyahimachal.com

अर्की कालेज में जुटाया 50 यूनिट रक्त

■ स्टाफ रिपोर्टर, अर्की

राजकीय महाविद्यालय अर्की में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में कालेज की [illegible] नीलम कौशिक ने [illegible] शिरकत की। [illegible] एएस [illegible] ब्लड बैंक की मुखिया डा. गंगा और उनकी टीम की अगवाई में संचालित किया गया। डा. गंगा ने कहा कि रक्त की आवश्यकता किसी को भी कब, कहां पड़ जाए कोई नहीं बता सकता इसलिए अधिक से अधिक स्वेच्छिक रक्तदान करना चाहिए। रक्त का कोई विकल्प नहीं है। इसलिए रक्त के भंडार की आपूर्ति के लिए लगातार रक्तदान करना आवश्यक [illegible]। इस अवसर पर महाविद्यालय के [illegible] विद्यार्थियों विशेषकर छात्राओं में [illegible] देखा गया। इस शिविर में [illegible] एनएसएस इकाई [illegible] कुर के नेतृत्व में 50 [illegible] 36 विद्यार्थियों [illegible] ने 50 यूनिट

Shram Dan

During

7 Days Camp

अर्की कालेज में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

स्टाफ रिपोर्टर, अर्की

राजकीय महाविद्यालय अर्की में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय आवासीय शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में बतौर मुख्यातिथि स्थानीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा. नीलम कौशिक ने शिरकत की। कार्यक्रम में

एनएसएस स्वयंसेवियों को वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी दी कि इस सात दिवसीय शिविर में 54 एनएसएस स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। शिविर में सामुदायिक कार्यों के लिए पोखट् गांव को गोद लिया गया है। शिविर में स्वयंसेवी पोखट् ग्राम

अर्की कालेज में एन.एस.एस. शिविर शुरू

अर्की, 23 दिसम्बर (सुरेन्द्र): शनिवार को राजकीय महाविद्यालय अर्की में एन.एस.एस. के 7 दिवसीय शिविर का शुभारंभ हो गया। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि प्राचार्य नीलम कौशिक व विशिष्ट अतिथि धान ग्राम पंचायत रत्न लाल शर्मा शिरकत की। एन.एस.एस. कार्यक्रम धिकारी डा. सुनील चौहान ने र्थियों व स्वयंसेवियों को .एस. बारे जानकारी दी। ताया कि शिविर के दौरान ामीणों को स्वच्छता, रंक्षण व पर्यावरण किया जाएगा।

Environment Awareness Rally

स्वयंसेवियों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अर्की कॉलेज में एनएसएस शिविर के दौरान मौजूद स्वयंसेवी ● जागरण

संवाद सूत्र, अर्की : राजकीय महाविद्यालय अर्की में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर के पांचवें दिन एनएसएस स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर से पुखटू गांव के सामुदायिक केंद्र तक रैली निकाली। इसमें संपूर्ण स्वच्छता का संदेश दिया। पुखटू गांव के सामुदायिक भवन के प्रांगण में स्वयंसेवियों ने गांव लोगों के द्वारा लगाए गए पौधे की ओर ट्री गार्ड लगाकर किया। इसके साथ उखाड़।

महिला मंडल सद मौजूद रहे। एन कॉलेज में ल का कार्य स्वच्छ को

दैनिक सवेरा टाइम्स

स्वयंसेवियों ने जंगली हिरण का किया अंतिम संस्कार

मृत्त हिरण को दफनाते स्वयंसेवी।

अर्की, 25 दिसंबर (शहनाज) : राजकीय महाविद्यालय अर्की में इन दिनों एनएसएस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई व अन्य गतिविधियों को लेकर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी सुनील चौहान ने बताया कि शिविर के दूसरे दिन एनएसएस के स्वयंसेवी जब परिसर में सफाई अभियान चला रहे थे तो पास के जंगल से किसी जानवर के चिल्लाने की आंवाज सुनाई दी। स्वयंसेवियों ने उस जगह पर पहुंचे तो देखा कि एक जंगली हिरण असहाय पीड़ा से कांप रहा था, उसने पानी पिलाना चाहा लेकिन तब तक मर गया। इसके

पंजाब केसरी

स्वयंसेवकों ने दिया संवेदनशीलता का परिचय

अर्की, 25 दिसम्बर (सुरेन्द्र): अर्की के राजकीय महाविद्यालय अर्की में इन दिनों एन.एस.एस. शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई व अन्य गतिविधियों को लेकर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी डा. सुनील चौहान ने यह जानकारी देते हुए कहा कि शिविर के दूसरे दिन जब स्वयंसेवी महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चला रहे थे तो पास के जंगल से किसी जानवर की आवाज सुनाई दी। जब स्वयं[illegible] जगह पर [illegible] एक जंगली हिरण असहाय पीड़ा से कांप रहा था। स्वयंसेवियों ने उसे पानी पिलाने की कोशिश की लेकिन वह जानवर तब तक मर गया। इसके उपरांत स्वयंसेवियों ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक गड्ढा खोदकर उस जानवर को वहां दबा दिया ता[illegible] वातावरण प्रदूषित न हो। सुनील[illegible] ने कहा कि भारतीय संस्[illegible] प्राणियों के प्रति स[illegible] मौलिक कर्[illegible] मौलिक[illegible]

NSS Volunteers

Working in College Park

created by NSS Unit

Closing of 7 Days Special Camp

23rd December - 29 December 2017



हिमाचल दस्तक

शिमला, शनिवार 30 दिसंबर, 2017

गोल्ड मेडल से सम्मानित किए स्वयंसेवी

अर्की। अर्की कॉलेज में सात दिन तक चले एनएसएस शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप ग्राम पंचायत बातल के प्रधान रतन लाल मौजूद हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. नीलम कौशिक ने की। सात दिन तक चले इस एनएएस शिविर में स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर, बातल व पोखटू गांव में सफाई अभियान व लोगों को विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। मुख्यातिथि ने एनएएस स्वयंसेवकों को उत्कृष्ट कार्य करने पर गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुकेश शर्मा, रचना शर्मा, दीक्षा, सुनील, रचना, खूबचंद, कृष्ण चंद, हेमराज, नीलम शर्मा सहित करीब 50 एनएएस स्वयंसेवक मौजूद रहे।

सोलन-आसपास

amarujala.com

अर्की में एनएसएस शिविर के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते एनएसएस प्रभारी। अमर उजाला

आपका फैसला

शिमला, सोमवार, 25 दिसंबर, 2017

अर्की कॉलेज में एनएसएस शिविर शुरु

अर्की, (आपका फैसला)। राजकीय महाविद्यालय अर्की में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय आवासीय शिविर का शुभारंभ हुआ। स्थानीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीलम कौशिक ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर ग्राम पंचायत बातल के प्रधान रतन लाल शर्मा व वार्ड सदस्य पंचायत कृष्ण चंद के अलावा समस्त प्राध्यापक वर्ग व गैर शिक्षक वर्ग भी इस अवसर पर उपस्थित थे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों व एनएसएस स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास के बारे में बताने के अलावा महाविद्यालय एनएसएस स्वयंसेवियों को वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी दी कि इस सात दिवसीय शिविर में 54 एनएसएस स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। इस शिविर में सामुदायिक कार्यों के लिए पोखटू गांव को गोद लिया गया है। इस शिविर में स्वयंसेवी पोखटू ग्राम वासियों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, जल संरक्षण व पर्यावरण जैसे विषयों के प्रति जागरूक करने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर एनएसएस स्वयंसेवियों ने सरस्वती वंदना, देश भक्ति गीत व समूहगान प्रस्तुत किए। अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नीलम कौशिक ने बच्चों को एनएसएस स्वयंसेवियों को अनुशासन में रहकर इस विशेष शिविर को सफल बनाने के लिए आह्वान किया।

स्वयंसेवकों ने संवारे अर्की के पोखटू गांवों के रास्ते

अर्की (सोलन)। राजकीय महाविद्यालय अर्की में सात दिन तक चले एनएएस शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। महाविद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन भी किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप पंचायत बातल के प्रधान रत्नलाल मौजूद हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. नीलम कौशिक ने की। सात दिन तक चले इस एनएएस शिविर में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर, बातल और पोखटू गांव में सफाई की। इस मौके पर मुख्य अतिथि रत्नलाल शर्मा ने कहा कि सभी लोगों को नशे से दूर रहना चाहिए। अंत में मुख्य अतिथि ने एनएएस स्वयंसेवकों को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुकेश शर्मा, रचना शर्मा, दीक्षा, सुनील, रचना, खूबचंद, कृष्ण चंद, हेमराज, नीलम शर्मा सहित करीब 50 स्वयंसेवक मौजूद रहे। ब्यूरो

“ NSS Volunteers spreading awareness among

adopted villlage people and conducting surveys

Educational Tour of NSS Volunteers to Jallianwala Bagh and Wagah Border

to inculcate spirit of Nationalism